मेरी आँख से आंसू (Dard Part-2) | By Amit Kalra Meetu

मेरी आँख से आंसू यूँ ही ना आये हैं
कुछ दर्द हैं ऐसे जो सह ना पाए हैं

सांवरे तुझको तो सब है पता
सांवरे क्या मैं करू ये बता

मन की पीड़ा बाबा बोल ना पाया
अंदर ही अंदर मैं घुटता चला आया
अपनों से ही अपने हर घाव छुपाये हैं
कुछ दर्द हैं ऐसे जो सेह ना पाए हैं

तकलीफ मेरी मुझको जीने नहीं देती
परिवार की चिंता मरने नहीं देती
हर और से हारे फिर भी मुस्काये हैं
कुछ दर्द हैं ऐसे जो सेह ना पाए हैं

करम बुरे हैं माना थोड़ा रहम करना
मेरी सजा ये बाबा थोड़ी कम करना
तुझसे सचिन बाबा अब आस लगाए है
कुछ दर्द हैं ऐसे जो सेह ना पाए हैं
मेरी आँख से आंसू ....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%80-%e0%a4%86%e0%a4%81%e0%a4%96-%e0%a4%b8%e0%a5%87-%e0%a4%86%e0%a4%82%e0%a4%b8%e0%a5%82-dard-part-2-by-amit-kalra-meetu/